परियोजना का नाम —जनपद पौडी गढवाल में नगर पंचायत सतपुली सीमान्तर्गत नगरीय ठोस का अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु ठोस अपशिष्ट का प्रसरकरण एंव वैज्ञानिक निस्तारण हेतु 0.600 है0 भूमि नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

## औचित्य

नगर पंचायत सतपुली सीमान्तर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु ठोस अपशिष्ट का प्रसंस्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण नव निर्माण हेतु कार्यालय द्वारा वन पंचायत सतपुली मल्ली की कुल भूमि 0.600 है0 जिसमें नई तकनीक के द्वारा कूडे का सेग्रीगेशन कर वैज्ञानिक विधि से ठोस अपशिष्ट को तरल अपशिष्ट, सूखा अपशिष्ट, बायोडिग्रेडबल अपशिष्ट आदि को अलग—अलग पृथ्कीकरण किया जायेगा। सेग्रीगेशन/रिसाइकल/कम्पेक्ट कर नगर पंचायत अपने स्तर से प्राप्त सामाग्री को विक्रय करेगी उस से जो राजस्व प्राप्त होगा उस धनराशि से उक्त पर कार्य कर रहे कर्मचारियों का वेतन/मजदुरी का भुगतान किया जायेगा। कूडे का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण करने से पर्यावरण को होने वाली हानियों से बचाया जा सकेगा। नगर पंचायत सीमान्तर्गत होने वाले कूडे का निस्तारण हेतु आधुनिक प्लांट लगाया जायेगा जिससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान को खत्म किया जा सकेगा। साथ ही प्लांट लगने से स्थानीय बेरोजगारों को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे । वर्तमान में नगर पंचायत सतपुली सीमान्तर्गत उक्त भूमि क अतिरिक्त कोई अन्य वैकल्पिक भूमि नही है ।

अतः चयन की गई भूमि को स्वीकृत किया जाना उचित होगा। ताकि शीघ्र उक्त चयनित भूमि को नगर पंचायत के नाम ऑन लाईन के पश्चात हस्तांतरण किया जा सके।

प्रभागीय वनाधिकारी
भूमि संरक्षण वन प्रभाग
लैंसडौन (गढवाल)

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सतपुली
पौडी गढ़वाल